हिन्दी सान्ध्य दैनिक  जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–209 : जौनपुर, शनिवार 22 अप्रैल 2023    सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )    पेज –4   मूल्य : 2 रूपया

## आज नौकरियों में भाई भतीजावाद नहीं पारदर्शी चयन होता है –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अपनी विशेषता के साथ संभावनाओं के लिए भी जाना जाता है। आज उत्तर प्रदेश माफिया के गठजोड़ नहीं बल्कि महोत्सव प्रदेश के रूप में जाना जाता है। जब पीएम मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला तो यूपी में भी छटपटाहट हुई। छह साल में यहां भी बदलाव आया है। राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, चयन बोर्ड, पुलिस भर्ती की परीक्षा में शिकायत और सैकड़ों केस थे। पुलिस विभाग में डेढ़ लाख पद खाली थे। भर्तियों में भाई–भतीजावाद और जातिवाद था। उन्होंने कहा कि यह सारा खेल सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर किया जाता था। हमने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया।



इसमें भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है। अच्छे अधिकारी तैनात किए। छह साल में 1.64 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती की जिसमें सभी 75 जिलों को प्रतिनिधित्व मिला है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरे देश के लिए नजीर बनी है। आज प्रदेश में कोई दंगा नहीं होता है। आज ईद है। ईद की नमाज सड़क पर नहीं ईदगाह में पढ़ी जा रही है। कानून का राज सबके लिए समान है।

## ईद की खुशियों के वास्तविक हकदार रोजेदार हैं –मौलाना महफुजुल हसन खां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ईदुलफितर की नमाज शाही ईदगाह और सदर इमामबाड़ा बेगमगंज ईदगाह के अलावा जिले की मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अदा कराई गई। इसी क्रम में ईदगाह सदर इमामबाड़ा बेगमगंज में शिया जामा मस्जिद नवाब बाग जौनपुर के पेश इमाम एवं जामिया ईमानिया नासिरया के प्रिंसिपल मौलाना महफुजुल हसनध खां ने अदा कराई। उन्होंने तमाम नमाजियों को एवं देशवासियों को ईद की मुबारकबाद पेश की उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि ईद की खुशियों का वास्तविक हकध्दार रोजेदार हैं जो महीने भर रोजा रखकर अल्लाह के महबूब बन्दे बनध जाते हैं उन्हें गुनाहों से निजात हासिल होती है रमजान की इबादत का ईनाम ईदुलफितर है दूसरी नमाज पहली नमाज के सम्पन्न हो जाने पर दूसरी नमाज मौलाना आगा आबिद अली खान नजफी ने पढ़ाया । शिया जामा मस्जिद नवाब बाग जौनपुर के मुतवल्ली शेख अली मंजर डेजी ने भी देशवासियों को मुबारकबाद पेशध की तथा रमजानुल मुबारक और ईद के सुव्यवस्थित सम्पन्न होने पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका परिषद प्रशासन का



शुक्रिया अदा किया। शिया जामा मस्जिद नवाब बाग इन्तेजामिया कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सैय्यद मोहम्मद हसन तथा इन्तेजामिया कमेटी के अन्य सदस्यगण सैय्यद अकबर हुसैन जैदी एडवोकेट, सैय्यद मोहम्मद इसरार एडवोकेट सैय्यद असलम नकध्वी, डाक्टर हाशिम खां, तहसीन अब्बास सोनी, इरशाद जैदी, अहमद इत्यादि ने ईदुलफितर की मुबारकबाद पेशध की। इस अवसर पर समाजसेवी सैय्यद परवेज हसन, इमरान खान नेता,सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा शम्सी, शकील अहमद सेवा निवृत्त बैंक मैनेजर इत्यादि ने भी देशवासियों को ईदुलफितर की मुबारकबाद पेश की।

## राशन का सस्ता चावल दे दो : बदले में पैसे ले लो : गली–गली घूम रहे फेरी वाले

गोरखपुर ब्यूरो : कबाड़ के लिए गली–गली मंडराने वाले कबाड़ियों को अब ज्यादा चोखा धंधा मिल गया है। कबाड़ से ज्यादा अब राशन के चावल पर इन फेरी वालों की नजर रहती है। जोर से आवाज लगाते हैं... कबाड़ी, फिर दरवाजे पर फुसफुसाते हैं। राशन वाला चावल दे दो। छोटी बस्ती–मुहल्लों के बाशिंदे भी इनके इंतजार में रहते हैं। इशारों में ही सस्ते चावल देकर रकम ले लेते हैं। यही नहीं, राशन डिपो और अढ़ातियों के जरिए भी सस्ते चावल के बदले रकम या जरूरत के सामान की अदला बदली जोरों पर है। राशन के चावल का यह खेल करोड़ों रूपये महीने का है। लोगों को मुफ्त में मिल रहा सरकारी चावल किराने की दुकानों और साप्ताहिक मंडियों में बिक रहा है। बहुत कम ही लोग इसे पकाते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो कोटेदार से चावल की जगह रुपये ले लेते हैं, जबकि कुछ लोग दुकानों पर सरकारी चावल बेचकर उसकी जदग फिर अच्छी गुणवत्ता का चावल, चायपत्ती, चीनी, मसाला आदि सामान बदल लेते हैं। बहुतायत संख्या ऐसी है जो फेरी वालों को चावल बेचते हैं, वह भी दो किलो के बदले एक किलो अच्छे चावल के दाम पर। खुला खेल फर्रुखाबादी की तर्ज पर ऐसी खरीद–फरोख्त शहर और देहात हर जगह चल रही है। सरकार पहले राशन की दुकानों के माध्यम से सामान्य मोटा चावल लोगों को मुफ्त उपलब्ध कराती थी। लेकिन, अब जो चावल मिलता है वह फोर्टीफाइड है। इस चावल पर आयरन, विटामिन, बी–12, फॉलिक एसिड, जिंक, विटामिन ए व बी के मिश्रण की लेयर चढ़ती है। जिससे यह प्लास्टिक कोटेड दिखता है। एक कुंतल सामान्य चावल में एक किलो फोर्टीफाइड चावल मिलाया जाता है। फेरी लगाने वाले भारटोलिया



ईस्टर्नपुर के त्रियुगी बताते हैं साप्ताहिक बाजार में सरकारी चावल की बिक्री ज्यादा होती है। वहां मोटे अनाज की भी कई वैरायटी रहती है। लोग बदलकर अपने पसंद का चावल खरीद लेते हैं। कई जगह खुलेआम तो कहीं स्टोर में रखते हैं देहात इलाके में तो यह चावल खुलेआम बिकता है। लेकिन, शहर में इसे स्टोर में रखते हैं। रूस्तमपुर में किराने के दुकान पर काम करने वाले गुड्डू ने बताया फोर्टीफाइड चावल ज्यादातर मजदूर वर्ग के लोग खरीदते हैं। लोग खुद ही आकर फोर्टीफाइड चावल 13 से 14 रूपये में बेच देते हैं। ग्राहकों को इसे 18 से 20 रूपये में बेचा जाता है। आजाद चौक के एक दुकानदार का कहना है कि कौन सरकारी चावल पसंद कर रहा है। फोर्टीफाइड चावल के बदले लोग कुछ और सामान ले लेते हैं। मोहल्ले में आकर फेरी वाले खरीदते हैं अक्सर आपको मोहल्लों में साइकिल पर चावल की बोरी रखकर घूमते फेरी वाले मिल जाएंगे। ये लोग साथ में इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन लेकर चलते हैं। लोग इन्हें 12 से 13 रुपए में फोर्टीफाइड चावल बेच देते हैं। फेरी वाले ही उन्हें पसंद का चावल या रकम दे देते हैं।

## परशुराम जयंती पर किया गया सुंदरकांड का पाठ : भगवान परशुराम जी की मूर्ति स्थापित करने हेतु किया भूमि पूजन

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत सखवट भूईधरा में भगवान श्री परशुराम जी जयंती पर सभी ग्रामवासियों के सौजन्य से भूमि पूजन किया गया और 11 फिट ऊचाई वाली भगवान श्री परशुराम जी मूर्ति लगाई जाएगी जिसके लिए आज भूमि पूजन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरण कर क्षेत्र के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाया और बधाई दी. कार्यक्रम के मुख्य आयोजक संतोष कुमार तिवारी ग्राम प्रधान और ग्रामवासी रहे. इस अवसर पर पुष्कर मिश्र,हीरालाल दुबे (फौजी) ताड़क देव मिश्र, अशोक नारायण मिश्र, उदित नारायण तिवारी,अरविंद दुबे,रमाशंकर मिश्र, धर्मेंद्र तिवारी (बॉस) डॉ, राम



आसरे पाण्डेय, रमा शंकर मिश्र,पुष्कर मिश्र, सन्तोष पाण्डेय, ज्वाला प्रसाद तिवारी, दीपक यादव, मोहित शुक्ला सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## खनन माफियाओं का कहर : बच्चे की मौत

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोला थाना क्षेत्र के रतनपुरा घाट पर फिल्टर मशीन से बालू खनन कर जगह –जगह गड्ढा कर दिये खनन माफियाओ ने जिसका जीता जागता सबुत और आज एक बच्चे की डुबने से मौत । खनन् माफिया सक्रीय शासन प्रशान मौन। किसानों के नाम पर अनुमति लेकर जगह–जगह कर रहे बालू खनन। सरयू नदी किनारे वाले खेतों में बरसात में बालू आने से फसल उगाने की समस्या सरकार तक पहुंची तो जांच के बाद डीएम की अनुमति से ऐसे खेतों में बालू हटाने का आदेश जारी कर दिया गया। तभी पहले से परेशान बालू कारोबारी ने इस नए आदेश में अपना 'रास्ता' निकाल लिया। बालू कारोबारी गरीब किसानों के नाम से प्रशासनिक अफसरों से बालू निकालने की अनुमति लेने के बाद मनमाने तरीके से नदी में से बालू खनन करके लाखों का फायदा उठा रहे हैं।उनके अवैध तरीके से खनन करने से सरयू नदि के किनारे भारी भरकम गड्ढे बन चुके हैं। इससे आने वाली बरसात में दर्जनों गांव डूबने का खतरा पैदा हो गया है। गोला तहसील कारनामे का एक उदाहरण भर है। कृषि पट्टा के नाम से बालू कारोबारी ने प्रशासनिक अफसरों से बालू निकासी की अनुमति हासिल कर ली। फिर सरयू नदी किनारे जिस खेत में अनुमति मिली थी, वहां तो पोकलेंन,जेसीवी से खनन निकासी कर रहे। साथ ही फिल्टर मशीन लगा



कर नदी के आसपास कई घनमीटर नदी खोदकर भारी भरकम गड्ढे बना दिए है। बालू कारोबारी ने निजी कृषि योग्य जमीन बताकर एक प्रार्थना पत्र किसान से दिलाया। उसके बदले किसान को कुछ लालच दे दिया गया। उस प्रार्थना पत्र पर लेखपाल, तहसीलदार और एसडीएम की रिपोर्ट लगवाकर अफसरों से बालू निकासी की अनुमति से और रेत ले ली गई। फिर राजकीय संपत्ति नदी से बालू निकालकर बेचने लगे। बालू कारोबारी इसी तरह किसानों के नाम पर उसके खेत से बालू निकालने की अनुमति लेकर करोड़ों के वारे–न्यारे करने में लगे हैं। खनन विभाग को हर महीने लाखों के राजस्व की चपत लग रही है।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सिरकोनी ब्लाक के नाथूपुर ग्राम में "सेल्फी विद अमृत सरोवर" कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सिरकोनी ब्लाक के नाथूपुर ग्राम में "सेल्फी विद अमृत सरोवर" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने संयुक्त रूप से आम का पौधरोपण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गांव में खेल का मैदान, ओपन जिम, एक और तालाब जल्द से जल्द बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पूरे प्रदेश में अमृत सरोवर बनाये जा रहे है, जिससे पानी के जो भी स्रोत है उसे हम अच्छे से उपयोग कर सकें और जलस्तर ऊंचा कर सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पानी की बहुत ही जरूरत रहेगी। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम पूरे देश में लांच किया गया और यह उत्तर प्रदेश में भी जनपद स्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि पूरे जनपद के प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक जगह चिन्हित करते हुए अमृत सरोवर बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद में लगभग 200 अमृत सरोवर पूरे किए जा चुके हैं उसके अलावा इस साल 200 और पूरे किए जाने की प्रक्रिया चल रही है, बरसात के पहले ही 200 अमृत सरोवर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा



गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण, स्वच्छता के उद्देश्य से निर्मित अमृत सरोवर पर सेल्फी पॉइंट पर अपनी सेल्फी ली।उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अमृत सरोवर पर पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास किया जाए, इसको हमेशा साफ–सुथरा रखते हुए मेनटेन किया जाए तथा वृक्षारोपण कराए जाएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम नाथूपुर में बने पंचायत भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया और पंचायत भवन के सभी कक्ष को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर उपायुक्त श्रम रोजगार भूपेंद्र कुमार सिंह, ग्राम प्रधान श्रीमती सुचिता सिंह, वी०डी०ओ० अस्मिता सेन उपस्थित रहे।

## पृथ्वीवासियों को पापियों से मुक्ति दिलाने के लिए ईश्वर लेते हैं अवतार – नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने भगवान परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया एवं मुबारक ईद के अवसर पर सभी देश व प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने पूरे देश में अमन, शांति व सभी के सुख समृद्धि की कामना की। ए0के0 शर्मा ने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज अपने 14 कालिदास आवास पर भगवान नारायण के छठे अवतार भगवान परशुराम की शंख ध्वनि के साथ विधिवत पूजा अर्चना की। उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया और इस अवसर पर सभी के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी का अवतरण अक्षय तृतीया के दिन हुआ था। जब–जब पृथ्वी में अत्याचार,अनाचार व व्यभिचार बढ़ जाता है, तो ऐसी आसुरी शक्तियो को दण्डित करने के लिए ईश्वर पृथ्वी में अवतार लेते हैं और पृथ्वीवासियों को पापियों से मुक्ति दिलाते है।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## 'बाल विवाह गुलामी है'' –डॉ उर्वशी साहनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन (एसएचईएफ) ने बाल विवाह गुलामी पर चर्चा में शामिल होने का आयोजन किया. सुश्री रुचिता चौधरी, एसपी महिला एवं बाल सुरक्षा विंग, लखनऊ, लखनऊ चाइल्डलाइन की निदेशक डॉ संगीता शर्मा और एसएचईएफ की संस्थापक और सीईओ डॉ उर्वशी साहनी चर्चा के




पैनलिस्ट थे। वेबिनार में 320 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसका मकसद बाल विवाह की समस्या को दूर करना था। पैनलिस्टों ने ग्राम पंचायत प्रधान, सरकारी अधिकारियों, चाइल्ड लाइन और वन स्टॉप सेंटर के सदस्यों से बातचीत की। एसएचईएफ की संस्थापक और सीईओ डॉ. उर्वशी साहनी ने कहा, "बाल विवाह बाल दासता है! एक बार जब हम इसे पहचान लेंगे, तभी हम जनता की मानसिकता को बदल पाएंगे।" "बाल विवाह के मामले में प्रधानों और पंचायत सदस्यों को हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्हें सभी पुरानी धारणाओं को भूल जाना चाहिए और बच्चों की भलाई के बारे में सोचना चाहिए।" संगीता शर्मा ने प्रधानों और ग्राम पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा। रुचिता चौधरी, एसपी महिला एवं बाल सुरक्षा विंग, लखनऊ ने कहा, "बाल विवाह महिलाओं के खिलाफ हिंसा है। आज भी हमारा समाज अपराध की गंभीरता को नहीं समझ पा रहा है." वेबिनार के दौरान पैनलिस्ट शामिल हुए और इस बारे में बात की कि बाल विवाह में हस्तक्षेप कैसे किया जाए और इसे कैसे रोका जाए और वे कहां से समर्थन और कानूनी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

## देश की एकता और अखंडता बनाए रखने हेतु निकाली गई शोभा यात्रा –अजय त्रिपाठी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : परशुराम जयंती के अवसर पर विभिन्न जगहों पर परशुराम जी की शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जगह जगह लोगो द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसी कड़ी में श्री परशुराम सेवा संस्थान ट्रस्ट के द्वारा श्री परशुराम भगवान जी की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ पॉलिटेक्निक चौराहा



से शुरू होकर ओलंदगंज सद्भावना पुल से होते हुए किला रसमंडल होते हुए बड़े हनुमान मंदिर जाकर समाप्त हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि अजय त्रिपाठी प्रबंधक समाजसेवी यात्रा में सैकड़ों लोगों के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर अजय त्रिपाठी ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता बनाए रखने का है भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का है देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए जाति विसंगतियां दूर हो इसलिए यह यात्रा निकाली गई है। कार्यक्रम के आयोजक परशुराम सेवा संस्थान ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी जी अपने कार्यकर्त्ता के साथ शोभा यात्रा को विशाल रूप देते हुए बड़े हनुमान मंदिर तक पहुंचे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सनातन धर्म की जागृति के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है जो हमेशा चलता रहेगा बीते कई वर्षों से हम लोग भगवान परशुराम की जयंती पर शोभायात्रा जुलूस निकालते रहे हैं। 108 कुंडीय यज्ञ का हमारा संकल्प है जिसको लेकर यह शोभायात्रा निकाली गई है ।भगवान परशुराम के बताए रास्ते का अनुसरण करने के लिए हम संकल्पित है। जिससे समाज में समरसता बनी रहे देश की एकता और अखंडता भी बनी रहे। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से अनुराग श्रीवास्तव सिंपू राजेश कुमार तिवारी , आनंद उपाध्याय आयुष पंडित सतीश दुबे, आलोक पांडे,गोली दुबे,अमित दुबे ,पंकज त्रिपाठी ,बबलू उपाध्याय, विराट त्रिपाठी ,मनोज मिश्रा,दीपक पाठक सहित काफी संख्या में ब्राम्हण समाज के तमाम लोग उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

रास्ते का हर रोड़ा एक चेतावनी है, उस चेतावनी को पढ़ना सीखो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

### विश्व पृथ्वी दिवस 2023 : जलवायु परिवर्तन का असर भारत की आर्थिकी पर

परिवर्तन प्रकृति का नियम है और जलवायु प्रकृति की ही गतिविधि होने के नाते उसमें परिवर्तन स्वाभाविक ही है। अगर जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया न होती तो सूर्य से निकली यह पृथ्वी आग का गोला बनी रहती। न तो शीतलन की प्रक्रिया होती, न हिम युग आते और ना ही जीवन की उत्पत्ति होती। लेकिन जब परिवर्तन की गति अस्वाभाविक रूप से बढ़ने लगे तो वह न केवल मानव जीवन बल्कि धरती के समूचे जल, थल और नभचरों के अस्तित्व के लिए खतरे की घंटी है, और इस गंभीर चुनौती के लिए मानवजनित क्रिया–कलाप ही प्रमुख कारक हैं। इस चुनौती से विश्वभर के योजनाकार, सरकारें तथा पर्यावरणवादी चिंतित हैं।

भारत के लिए समस्या कुछ ज्यादा ही

जलवायु परिवर्तन का पहले से ही पृथ्वी पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जिसमें लगातार भीषण गर्मी या लू, सूखा, बाढ़, तूफान और समुद्र का बढ़ता स्तर शामिल है। यह जैव विविधताओं के नुकसान का कारण भी बन रही है और मानव स्वास्थ्य, कृषि और जल संसाधनों को भी प्रभावित कर रही है। यद्यपि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है, लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों के कारण भारत के लिए यह समस्या कुछ ज्यादा ही चिन्ताजनक है।

भारत के संदर्भ में जलवायु का महत्व आर्थिक विकास से जुड़ा हुआ है। आबादी के मामले में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। अत्यंत घनी आबादी वाला यह देश कृषि प्रधान है, जहां दो तिहाई से अधिक लोग गांवों में निवास करते हैं तथा खेती पर निर्भर हैं। भारत की अर्थव्यवस्था पर जलवायु का अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। भारत में मौसम विज्ञान संबंधी रिकॉर्ड वर्षा की मात्रा में अधिक परिवर्तन न होते हुए भी वायु तापमान में वृद्धि की ओर संकेत करते हैं।

भारत के लिए जलवायु परिवर्तन की समस्या इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि इसने अपने माथे पर विश्व की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला हिमालय को धारण किया हुआ है, जो कि निर्माण की प्रक्रिया में होने के कारण उसका पारितंत्र बहुत संवेदनशील है। हिमालय अपने आप में सम्पूर्ण ऐशिया का वाटर टावर और जलवायु नियंत्रक है। यह हिम–आलय जलवायु परिवर्तन के कारण आपदा–आलय बन रहा है।

जलवायु परिवर्तन के कारण सन् 2013 में समय से पहले 16 जून को ही मानसून हिमालय पर चढ़ जाता है और बादल वहां फटता है जहां सीधे हिमपात होता है। इसी का नतीजा केदारनाथ की आपदा थी जिसमें हजारों तीर्थ यात्री मारे गए थे, समूची केदारघाटी तबाह हो गई थी।

सर्दी के मौसम में जब हिमालय में नदियां जमने लगती हैं तब फरबरी 2021 में धौलीगंगा–ऋषिगंगा की बाढ़ आ गई जिनमें सेकड़ों लोगों के मरने के साथ ही अरबों रुपये लागत के प्रोजेक्ट नष्ट हो गए।

कृषि पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, भारत की अर्थव्यवस्था और खासकर इसके कृषि क्षेत्र पर नजर आने लगे हैं। कृषि क्षेत्र देश के आधे से अधिक कार्यबल को रोजगार देता है और इसके सकल घरेलू उत्पाद के एक महत्वपूर्ण हिस्से में भूमिका निभात है। जलवायु में परिवर्तन से बाढ़, सूखा और लू जैसी चरम मौसमी घटनाओं के कारण फसल की पैदावार में कमी आती है। बार–बार प्राकृतिक आपदाओं के आने और उनकी तीव्रता, जैसे बाढ़ और चक्रवात, जलवायु परिवर्तन के साथ बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे बुनियादी ढांचे, फसलों और आजीविका को काफी नुकसान होता है।

जलवायु पविर्तन से वर्षा के बदलते पैटर्न के कारण पानी की कमी या सूखे के कारण फसलें बरबाद हो जाती हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां सिंचाई सुविधाओं के अभाव में खेती वर्षा पर निर्भर रहती है। यही नहीं इस स्थिति में कीट और रोग भी फैल सकते हैं, जो फसलों को नष्ट कर देते हैं और गंभीर आर्थिक नुकसान का कारण बन सकते हैं।

कृषि के अलावा जलवायु परिवर्तन अन्य उद्योगों जैसे पर्यटन, मत्स्य पालन और वानिकी पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जो आगे चलकर सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

जलवायु परिवर्तन पर समिति का गठन

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के अपरिहार्य प्रभावों के अनुकूल होने और भारत में जलवायु अनुकूल स्थितियां बनाने के लिए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है जिसका मुख्य कार्य जलवायु परिवर्तन का मूल्यांकन, अनुकूलन और उसके प्रभाव को कम करने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम का समन्वय करना है।

यह समिति विभिन्न मंत्रालयों और अन्य अभिकरणों द्वारा जलवायु परिवर्तन से संबंधित कार्यों के लिए समग्र दिशा निर्देश उपलब्ध कराती है। साथ ही भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकारों की अध्यक्षता में गठित एक उप–समिति भारत में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अध्ययन कर रही है तथा प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए समुचित सलाह देने का काम करने लगी है।

सरकार चुनौती का सामना करने के प्रयास तो कर रही है, मगर कोई भी प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसमें जनता की भागीदारी न हो। आम आदमी को इस प्रयास में शामिल करने से तभी लाभ होगा जब उसे जागरूक किया जाएगा और उसे जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से सचेत किया जाएगा।

इस दिशा में किसानों को सचेत कर बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल कृषि पैटर्न अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है जिसमें कृषि वानिकी और फसल विविधीकरण शामिल हो सकते हैं। वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और कुशल सिंचाई प्रणालियों सहित बेहतर जल प्रबंधन, जल उपलब्धता पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिल सकती है।

जलवायु परिवर्तन, आपदाओं का भी मुख्य कारण बनता जा रहा है। इसलिए पूर्व चेतावनी प्रणाली और निकासी योजनाओं सहित आपदा तैयारी को मजबूत करने से प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

बढ़ रही हैं आपदाएं

समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और और बढ़ती आबादी के विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर सरकार पर्यावरणीय मापदण्डों की अपेक्षा कर बैठती है। इसका जीता जागता उदाहरण उच्च हिमालई संवेदनशील क्षेत्र में ऋषिगंगा और धौलीगंगा जैसे बिजली प्रोजेक्टों को मंजूरी देना है। पारितंत्र की उपेक्षा और विकास की अंधी दौड़ का एक और उदाहरण उसी सीमान्त जिला चमोली का आपदाग्रस्त जोशीमठ शहर है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## हीट वेव से निपटने को तैयार योगी सरकार : मौसम विभाग ने 2023 में ग्रीष्म ऋतु में हीट वेव का जताया है पूर्वानुमान

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : लखनऊ, योगी सरकार ने ग्रीष्म ऋतु में हीट वेव से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों को युद्ध स्तर पर तैयार रहने को कहा है। नगरीय और ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के अलावा सिंचाई, पशुओं एवं पक्षियों के लिए पेयजल समेत तालाब एवं पोखरों की मरम्मत के कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने हीट वेव की आशंका के मद्देनजर निर्देश दिया है कि मुख्य विकास अधिकारी या एडीएम स्तर के अधिकारी को ग्रीष्म ऋतु के दौरान जलापूर्ति के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाए। वहीं लू से बचाव व तापमान को कम रखने के उपाय के रूप में कूल रूप कॉन्सेप्ट (छत को सफेद रंग से पेंट करना) को बढ़ावा दिया जाए। मालूम हो कि सरकार ने यह तैयारी मौसम विभाग की उस चेतावनी के बाद शुरू की है, जिसमें 2023 में प्रदेश में हीट वेव का पूर्वानुमान जताया गया है। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन व लीकेज को ठीक कराएगा जल निगम सरकार की ओर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभागों को पेयजल आपूर्ति से संबंधित आवश्यक कार्यों को समय से पूर्ण कराने को कहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सिंचाई विभाग को विशेष अभियान चलाकर समस्त ट्यूबवेल तथा सिंचाई के साधनों को चालू हालत में करने को कहा गया है। जल निगम क्षतिग्रस्त पाइप लाइन व लीकेज को ठीक कराएगा तथा ओवरहेड टैंक की सफाई का जिम्मा संभालेगा। ग्राम्य विकास को पशुओं के पेयजल के लिए तालाब एवं पोखरों को भरवाने की व्यवस्था का जिम्मा होगा। ग्राम्य विकास व जल निगम जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित होगी वहां जलापूर्ति के लिए पानी के टैंकरों की व्यवस्था करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करेंगे। वहीं वन विभाग वन क्षेत्रों में पशु–पक्षियों के लिए पेयजल आपूर्ति के लिए तालाब व झीलों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। जल के अनावश्यक उपयोग के लिए जारी होगी एडवाइजरी शहरी क्षेत्रों में सिंचाई विभाग विशेष अभियान चलाकर समस्त ट्यूबवेल तथा जलापूर्ति के साधनों को चालू हालत में करने की व्यवस्था करेगा। नगर विकास विभाग व जल निगम पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित आबादी को टैंकर के माध्यम से पानी वितरित करेगा। नगर विकास विभआग सार्वजनिक स्थलों, बाजारों में नगरीय निकायों के माध्यम से प्याऊ लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। इस कार्य में गैर सरकारी संगठनों का भी सहयोग लिया जा सकता है। जल के अनावश्यक उपयोग मसलन, गाड़ी धोनी, नल को खुला छोड़ना इत्यादि को रोकने के संबंध में नगर विकास विभाग एडवाइजरी जारी करेगा व उसे लागू भी कराएगा। नगर विकास व श्रम विभाग कार्यस्थलों, निर्माण स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न पार्कों में विशेष रूप से पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति को सुचारू रखने का कार्य संबंधित विभागों को जिम्मे होंगे।

## यज्ञ हवन के साथ मनाया गया भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ठाकुरगंज स्थित भगवान श्री परशुराम जी मंदिर में भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव धूम–धाम के साथ मनाया गया। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी दिलीप व्यास ने बताया कि इस अवसर पर सप्त दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रातः 9 बजे से यज्ञ–हवन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रतिभाग किया। यज्ञ–हवन के पश्चात् सर्वप्रथम कुमारी पूजन तत्पश्चात् संत समाज को भोजन कराया गया और यथाशक्ति दक्षिणा दी गई। संतों के भोजन के पश्चात् आम लोगों के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया। जो देर रात तक चलता रहा। सम्पूर्ण कार्यक्रम में क्षेत्रीय तथा लखनऊ के अन्य क्षेत्रों से हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद अनुराग पाण्डेय सहित भारतीय ब्राम्हण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं0 सुरेन्द्र शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष सुनीता पाण्डेय तथा लालजी प्रसाद पाण्डेय, तेज नारायण पाण्डेय, अशोक मिश्रा, शशीकान्त दुबे, राम किशोर अवस्थी, राजकिशोर अवस्थी, राजेन्द्र वाजपेयी (टोनी), अमिताभ पाण्डेय, दीपू शुक्ला, रंजना द्विवेदी, अंशू मिश्रा, शक्ति बाजपेयी, कमलेश मिश्रा, सुमित दीक्षित, कृष्णा शर्मा, महेन्द्र द्विवेदी, अम्बरीश वर्मा, संतोष शुक्ला, सरला, मृदुल पाण्डेय, जितेन्द्र शर्मा, विजय कुमार मिश्रा, सतेन्द्र अवस्थी, अभिरूचि बाजपेयी, रागिनी दुबे, पूनम तिवारी, गोपाल नारायण शुक्ला,



गणेश दत्त शुक्ला, राज किशोर तिवारी, सतीश कुमार दीक्षित, संतोष कुमार द्विवेदी, शेष कुमार मिश्रा, मूलचन्द्र मिश्रा, राघवेन्द्र अवस्थी, सनी साहू, राहुल पाण्डेय, टिंकू ठाकुर, अजीत पाण्डेय, पूनम सिंह, पंकज शुक्ला, शर्मीला पाण्डेय, वैष्णवी, सर्लेश मिश्रा, संजय शुक्ला, वन्दना विशेष, पी0एस0 तिवारी, अवध प्रकाश शुक्ला, अभय तिवारी, पुलकित शुक्ला, जितेन्द्र द्विवेदी, विशाल सोनकर, रजत तिवारी, अंकित गुप्ता, मंजरी शुक्ला, वीरेन्द्र शुक्ला, मिथलेश तिवारी, अमिता शर्मा, प्रियंका अवस्थी, आभा शुक्ला, ममता शुक्ला, वन्दना अवस्थी, प्रेम सागर तिवारी, दीपक त्रिपाठी, अमरेन्द्र पाण्डेय, जयवीर यादव, आरती शुक्ला, हिमांशु गर्ग, संदीप अवस्थी, सुरेन्द्र शुक्ला, दीपू शुक्ला, गुड्डू पाण्डेय, अवध प्रकाश शुक्ला, राधेश्याम अग्निहोत्री, राकेश मिश्रा, अरूण शुक्ला, आदित्य कुमार शुक्ल, आदित्य शुक्ला, आर0के0 मिश्र सहित हजारों लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## असद अहमद के संपर्क में था अतीक–अशरफ को मारने वाला अरुण : सामने आया चौंकाने वाला कनेक्शन

प्रयागराज ब्यूरो : जांच बढ़ने के साथ ही अतीक–अशरफ हत्याकांड की परतें खुलने लगी हैं। इस हत्याकांड में अब चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सांसद और माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गोलियां बरसाकर मौत की नींद सुलाने वाले कातिलों में शामिल अरुण मौर्य शेर–ए–अतीक व्हाट्सएप से भी जुड़ा था। यह ग्रुप अतीक के बेटे असद ने खुद बनाया था। इस व्हाट्सएप ग्रुप में प्रयागराज के अलावा कौशांबी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सुल्तानपुर, कानपुर सहित यूपी के 20 से ज्यादा जिलों के साथ ही दूसरे प्रदेशों के भी तमाम लोग जुड़े थे। इस ग्रुप से माफिया का हत्यारा अरुण मौर्य भी जुड़ा था। हालांकि बाद में वह ग्रुप से अलग हो गया था। अरुण मौर्य के ग्रुप से जुड़ने का मतलब है कि अरुण और असद की जान पहचान पहले से ही थी। मीडिया में चल रही खबरों के मुताबिक अरुण काफी समय तक इस ग्रुप से जुड़ा था और सक्रिय भागीदारी निभा रहा था। उसने ग्रुप क्यों छोड़ा इसकी पूछताछ उससे की जा रही है। रोज सामने आ रही हैं नए सूचनाएं पुराना शहर माफिया अतीक अहमद का गढ़ माना जाता रहा है। यहां उसकी खिलाफत करके कोई चौन से नहीं रह सकता था, वह चाहे कितना भी बड़ा व्यापारी, अधिकारी या राजनेता ही क्यों न हो। पुराने शहर में उसके तमाम मददगार और करीबी रहते हैं जो उसके लिए काम करते थे। माफिया के गढ़ में ही उसे ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतारने वाले लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और सनी सिंह के बारे में रोज नई सूचनाएं सामने आ रही हैं। बाद में अरुण ग्रुप से हो गया था अलग मीडिया छपी रिपोर्ट और पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस की पूछताछ में कासगंज के अरुण मौर्य ने बताया कि झांसी में एनकाउंटर में मारे गए अतीक अहमद के बेटे असद के शेर–ए–अतीक ग्रुप से वह जुड़ा था। बाद में वह इससे अलग हो गया। ग्रुप में किया जाता था अतीक अहमद का महिमामंडन शेर ए अतीक ग्रुप माफिया अतीक अहमद के महिमामंडन के लिए बनाया गया था। इस वॉट्सएप ग्रुप में ऐसे वीडियो और फोटो शेयर किए जाते थे, जिसमें अतीक के बादशाहत की दास्तां बताई जाती थी। उसके दहशत और लोकप्रियता के बारे में वीडियो और फोटो के माध्यम से बताया जाता था। ऐसी ही कई वीडियो–फोटो इस ग्रुप में जुड़कर अतीक के हत्यारे अरुण मौर्य ने भी देखी होंगी, हो सकता है कि अतीक जैसा बनने की प्रेरणा उसे इसी ग्रुप से मिली हो। हालांकि बाद में अरुण मौर्य ने ये वॉट्सएप ग्रुप छोड़ दिया और गैंग 90 नाम के दूसरे वॉट्सएप ग्रुप से जुड़ गया। ये सारी जानकारी SIT के हाथ लग गई हैं। 18 साल की उम्र में दर्ज हुआ था पहला मामला पानीपत में अरुण मौर्य के खिलाफ पहली बार शस्त्र अधिनियम के तहत पहला मामला दर्ज किया गया था तो उसकी उम्र करीब 18 साल थी। गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में पुलिस गिरफ्तार आरोपियों की क्राइम कुंडली खंगाल रही है। इस हत्याकांड में शामिल अरुण मौर्य पर पिछले साल हरियाणा के पानीपत में अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज किया गया था। अरुण पर फरवरी, 2022 में शस्त्र अधिनियम के तहत और उसी साल मई में एक अन्य मामला दर्ज किया गया था। वह जेल भी गया था। पानीपत में रिकॉर्ड के मुताबिक फरवरी 2022 में अवैध हथियार रखने के चलते शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक मामला दर्ज किया गया था, जबकि दूसरा मामला मई में एक झगड़े को लेकर दर्ज किया गया था। अब ऐसा हा शूटर अरुण के गांव का हाल अतीक और अशरफ की हत्या करने वाले तीन में से एक कासगंज के शूटर अरुण मौर्य के गांव कादरवाड़ी में पुलिस की चहलकदमी है। शूटर के घर में ताले पड़े हुए हैं और घर के बाहर अनाज बिखरा हुआ है। इस बीच शुक्रवार को अमर उजाला की टीम जब शूटर के गांव पहुंची, तो हैरान कर देने वाली जानकारी मिली। अरुण मौर्य का गांव में बहुत आना–जाना नहीं था, लेकिन जब पिछली साल वह अपने घर आया तो गुमसुम रहता था। गांव वाले नहीं जानते थे अरुण के पिता का असली नाम गांव के लोगों ने बताया कि अरुण मौर्य के पिता को कोई भी दीपक नाम से नहीं जानता है। गांव में उसे सभी मैनेजर कहते हैं। प्रयागराज में अतीक और अशरफ की हत्या के बाद जब अरुण मौर्य का नाम प्रकाश में आया तो पुलिस उसके पिता दीपक को तलाशती हुई गांव में आई। ग्रामीणों ने पूछताछ के दौरान इस नाम के शख्स की पहचान करने से मना किया, लेकिन बाद में उसकी पहचान मैनेजर के नाम से हो सकी। इसके बाद ग्रामीण पुलिस को उसके घर ले गए।

## सेफ ड्राइविंग की लगेगी क्लास : चालकों–परिचालकों की होगी कॉउंसलिंग

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : लखनऊ, योगी सरकार यूपी रोडवेज की बसों से सफर करने वाले यात्रियों को न सिर्फ सुविधाजनक यात्रा कराने के प्रबंध कर रही है बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी कई तरह के उपाय किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के सभी क्षेत्रों में सरकार ने ड्राइवर ट्रेनिंग एवं कॉउंसलिंग सेंटर खोले जाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत गोरखपुर में पहला सेंटर खोल भी दिया गया है और जल्द ही पूरे प्रदेश में ऐसे सेंटर संचालित किए जाने की योजना है। इन सेंटर्स को खोलने का उद्देश्य चालकों को न सिर्फ सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति प्रेरित और प्रशिक्षित करना है, बल्कि उनकी मानसिक स्थिति का आंकलन कर कॉउंसलिंग के माध्यम से उन्हें विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना भी है। परिचालकों को भी दी जाएगी ट्रेनिंग सीएम योगी की मंशा के अनुरूप यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने पूरे प्रदेश में ऐसे सेंटर्स की शुरुआत करने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत गोरखपुर से हुई है। क्षेत्रीय कार्यशाला गोरखपुर क्षेत्र द्वारा पहले चालक ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड कॉउंसलिंग सेंटर की स्थापना की गई है। इस सेंटर में क्षेत्र के रोडवेज चालकों को चिन्हित करते हुए उन्हें दुर्घटनारहित, नियंत्रित वाहन चलाने, रखरखाव एवं व्यवहारिकता इत्यादि की ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। इसके अलावा परिचालकों को भी व्यवहारिक परामर्श/प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त रोडवेज के तकनीकी कर्मचारियों को वाहन निर्माता कंपनियों के माध्यम से सभी प्रकार की बसों की रिपेयरिंग की ट्रेनिंग एक ही केंद्र पर दी जा सकेगी। सुरक्षित यात्रा है प्राथमिकता गोरखपुर के अलावा पूरे यूपी में इस तरह के सेंटर्स जल्द खोले जाने की योजना है। यूपीएसआरटीसी के अधिकारियों के अनुसार रोडवेज की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा के साथ सुरक्षित उसके लक्ष्य तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यात्रियों समेत तमाम तरह के फीडबैक के आधार पर हम चालकों को चिन्हित करते हुए उन्हें ट्रेनिंग सेंटर में न सिर्फ तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं बल्कि उनकी कॉउंसलिंग के माध्यम से उन्हें मानसिक स्तर पर भी सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जल्द ही पूरे प्रदेश में इस तरह के ट्रेनिंग सेंटर खोलकर व्यापक स्तर पर चालकों व परिचालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के 132वीं जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में समरसता संगोष्ठी आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अवध बार एसोशिएशन उच्च न्यायालय लखनऊ के महामना सभागार में अधिवक्ता परिषद अवध के द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के 132वीं जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में समरसता संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के पश्चात वन्देमातरम् गायन के साथ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा बाबा साहब डॉ० भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन कर प्रान्त संयोजक (अधिवक्ता परिषद अवध) अमरनाथ जी ने सांगठनिक परिचय व विषय प्रवेश कराकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एस०के० कालिया वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय के द्वारा डॉ० अम्बेडकर के राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान को विस्तारपूर्वक रेखांकित किया। डॉ० अम्बेडकर द्वारा किये गये दूरदर्शी कार्यों से राष्ट्र की एकता व अखण्डता अक्षुण्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आनन्द मणि अध्यक्ष अवध बार के द्वारा डॉ० अम्बेडकर के समरस समाज के निर्माण में किये गये कार्यों का गम्भीरता पूर्वक उल्लेख किया। अवध बार के महामंत्री मनोज मिश्रा व अन्य वक्ताओं में डी०आर० सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिंह यादव द्वारा डॉ० अम्बेडकर के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के स्वागत अभिनन्दन समारोह में राजेन्द्र सिंह कुशवाहा, आरती रावत अशोक कुमार यादव, राजेश बहल, सिद्धार्थ शंकर दूबे, अनिमेष उपाध्याय, नीलिमा जायसवाल,



पायल सिंह, मीरा त्रिपाठी ने पुष्पगुच्छ देकर मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी, अजय कुमार पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, पूर्व महामंत्री अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश सिंह, डी०सी० त्रिपाठी, विनोद शुक्ला, पी०सी० राय, डॉ० सुरेन्द्र सिंह, सवित्र वर्धन सिंह, उमेश सिंह, अशोक पाण्डेय, प्रशान्त सोनकर, रमेश बिन्द, ओमकार निषाद, रविन्द्र प्रताप सिंह, हरिगोविन्द उपाध्याय, आर०पी०एस० चौहान, प्रखर मिश्रा, ज्ञान सागर गुप्ता, अमित मिश्रा, मीरा त्रिपाठी, पूजा शर्मा आदि सैकड़ों सम्मानित अधिवक्तागण उपस्थित रहे। संचालन युवा अधिवक्ता व कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु वैश्य द्वारा किया गया एवं राष्ट्रगान के बाद संगोष्ठी का सफलतापूर्वक समापन हुआ ।

## बाइक से गिरी महिला को बस ने कुचला : मायके से पति संग लौट रही थी घर : मौत

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नवादय विद्यालय के पास आजमगढ़–गोरखपुर मार्ग पर शुक्रवार की देर रात बाइक से गिरी महिला को रोडवेज बस ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा पति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं घायल पति को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर कोतवाली के बलरामपुर की रहने वाली सरस्वती सोनी (30) अपने मायके मऊ जिले के दोहरीघाट गई हुई थी। शुक्रवार की रात वह पति बलराम सोनी के साथ बाइक पर बैठ कर वापस घर लौट रही थी। अभी पति–पत्नी जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में आजमगढ़–गोरखपुर मार्ग पर नवोदय विद्यालय के पास पहुंचे थे। इसी दौरान बाइक एक ठेले से टकरा गई। जिससे पीछे बैठी सरस्वती सड़क पर गिर पड़ी। इसी दौरान रोडवेज की बस ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके



पर ही मौत हो गई। वहीं पति बलराम भी घायल हो गया। सूचना पर जीयनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज कर भर्ती करवाया। वहीं मृतका सरस्वती के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजवा दिया। मृतका एक पुत्र की मां थी। घटना की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

## बिजली की चपेट में आकर झुलसने से किसान की मौत : खेत में खरबूजे की रखवाली के दौरान हुआ हादसा

मिर्जापुर ब्यूरो : मिर्जापुर में बारिश के दौरान गरज चमक के साथ शुक्रवार की रात बिजली गिरने से चपेट में आकर जलाशय के पास खेतों में खरबूजा की रखवाली कर रहे किसान की झुलस कर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।नगर क्षेत्र के पट्टी कला निवासी कैलाश चौहान (50) पुत्र घुरहू चौहान अहरौरा जलाशय के पास स्थित खेतों में खरबूजे की खेती करते हैं। शुक्रवार की देर शाम से ही गरज चमक के साथ हो रही हल्की हल्की बरसात के दौरान वह अपने खेतों पर खरबूजे की रखवाली कर रहे थे। रात तकरीबन 11 बजे अचानक बिजली के चपेट में आकर झुलस गए ।आसपास के लोगों



ने घटना की सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने चारपाई पर लिटा कर किसी तरह उनको बाहर निकाला। तब तक झूलसे अधेड़ कैलाश की मौत हो गई। मौके का नजारा देख परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# दिव्यांग इम्तियाज के घर ईद की सामग्री लेकर पहुंचे समाजवादी कुटिया के संचालक ऋषि यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर क्षेत्र में संचालित समाजवादी कुटिया के संस्थापक ऋषि यादव क्षेत्र के ग्रामसभा गजना निवासी दिव्यांग इम्तियाज अहमद सहित उनके परिवार को बीते 3 वर्षों से गोद लिये हैं जो पूरी तरह देखकृभाल, सेवा आदि करते हैं। साथ ही त्योहार आने पर पूरी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। इसी क्रम में ईद जैसे पवित्र पर्व को लेकर युवा समाजसेवी ऋषि यादव उक्त परिवार को कपड़ा, चप्पल, गमछा, सेवई, चीनी, मेवा, तेल, घी, आर्थिक सहयोग के साथ अन्य दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली सामग्री भेंट किया। इस दौरान ऋषि यादव ने कहा कि न जाने क्यों हिन्दूकृमुसलमान में बवाल है। दोनों ही तो भारत मां के लाल है। भारत विविधता में एकता वाला देश है। भारत एक ऐसा देश है जहां सभी धर्म व जाति के लोग एक जगह प्रेम से रहते हैं। एककृदूसरे



के त्योहारों, रीतिकृरिवाजों आदि का हृदय से सम्मान करते हैं। हमारे पूर्वजों ने हमें सिखाया है कि यदि हम भरपेट भोजन कर रहे हैं और हमारा पड़ोसी भूखा सो रहा है तो हमारी जिम्मेदारी है कि हम रोटी बांटकर खायें। बात जब त्योहार की हो तो हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि सबके घरों में रौनक हो।

# 22 मिनट तक रोकी गई ट्रेन : जौनपुर में रेलवे ट्रैक पर ग्रामीणों का हंगामा

जौनपुर ब्यूरो : करीब डेढ़ माह पहले धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के राजेपुर गांव के पास जौनपुर–औढ़ीहार रेलवे ट्रैक पर गेट नंबर 37 को बंद कर दिया गया। इससे नाराज ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह पौने नौ बजे औड़िहार से जौनपुर आ रही पैसेंजर ट्रेन को रोककर प्रदर्शन किया। मांग किया कि यहां अंडरपास बनाया जाए या फिर पूर्व की तरह रेलवे फाटक को चालू किया जाए। करीब 22 मिनट तक ट्रेन को रोका गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से लोगों को समझाकर शांत किया। राजेपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर गेट नंबर 37 पर रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक लगा हुआ था। इस रास्ते से ग्रामीणों को जौनपुर–आजमगढ़ हाईवे से धर्मापुर जाने के लिए मात्र तीन किलोमीटर चलना पड़ता था। ग्रामीणों के अनुसार, उक्त गेट को बंद कर दिए जाने की वजह से अब ग्रामीणों को केराकत तिराहे से घूमकर लंबे रास्ते से धर्मापुर जाना पड़ रहा है। ग्रामीण इस गेट को खोलने के लिए क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज से लेकर हर स्तर पर अपनी मांग रख चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को लाल कपड़ा दिखाकर औड़िहार से जौनपुर आ रही पैसेंजर ट्रेन को सुबह 8:45 बजे रोक दिया। ट्रेन रोके जाने की सूचना पर गौराबादशाहपुर थाने के उप निरीक्षक अश्वनी राय फोर्स के साथ



मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने के बाद तथा मामला शांत हुआ। इस दौरान लगभग 22 मिनट तक पैसेंजर ट्रेन रुकी रही तत्पश्चात अपने गंतव्य को रवाना हुई। विरोध प्रदर्शन करने वालों में भारी संख्या में लोग मौजूद रहें, ज्ञात हो कि जिसमें अगल बगल के गॉव के निवासियों द्वारा काफी परेशान होकर जनहित के दृष्टि से सब तरफ से निराश होकर ऐसा कदम उठाने पर मजबूर होना पडा है,आशा है कि रेलवे प्रशासन अपनी इस भूल को सुधार करते हुए क्षेत्रिय जनता की परिसानियों को दूर करने का कार्य जल्द ही कर रास्ते का कोई विकल्प जरूर देगा।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर गंगा नदी की सफाई कर : प्रदूषण मुक्त पृथ्वी के लिए हुआ शंखनाद

वाराणसी ब्यूरो : उत्तर व दक्षिण भारत के ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने वाले गंगा पुष्करालु कुंभ के श्री गणेश के अवसर पर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल से आए आस्थावानों ने केदार घाट पर गंगा स्नान के पश्चात नमामि गंगे के सदस्यों के साथ गंगा की आरती उतारकर सुख समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण की कामना की । अक्षय तृतीया के पवित्र त्यौहार पर गंगा निर्मलीकरण के अक्षय संकल्प के आवाह्न के साथ मां गंगा का दुग्ध ाभिषेक किया गया। गंगा पुष्करालु के लिए काशी आए तीर्थयात्रियों ने कर्मकाण्ड और अपने पूर्वजों को श्राद्धकर्म के पूर्व मां गंगा का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद मांगा । तुलसी पौधे हाथों में लेकर गंगा की आरती उतारने के बाद विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सभी ने एक स्वर से गंगा को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया। आस्थावानों ने नमामि गंगे टीम के साथ गंगा तलहटी की सफाई में भी हाथ बंटाया । गंगा में श्रमदान करके ढेरों कचरे को निकालकर कूड़ेदान तक पहुंचाया गया । पर्यावरण को शुद्ध रखने और वृक्षारोपण की भावना जागृत करने की नियत से लोगों को तुलसी का पौधा प्रदान किया गया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि गंगा पुष्करालु त्यौहार के दौरान लोग खुद को पापों से मुक्त करने और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पवित्र नदी गंगा में डुबकी लगाते हैं । कहा कि विश्व पृथ्वी



दिवस हमारे लिए केवल एक रस्म–भर नहीं है, बल्कि यह खास दिन पृथ्वी के महत्व को उजागर करने और लोगों को यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि प्रकृति को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। कहा कि पेड़–पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित करने, हरे पेड़ न काटने, नदियों को साफ रखने, जल का संरक्षण और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए हमें जागरूक होना चाहिए। हमें हर दिन को पृथ्वी दिवस मानकर उसके बचाव के लिए कुछ उपाय करते रहना चाहिए । आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, महानगर संयोजक शिवदत्त द्विवेदी , महानगर सहसंयोजक बीना गुप्ता, महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा एवं दक्षिण भारतीय श्रद्धालुगण शामिल रहे ।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ईद–उल–फितर की नमाज के दृष्टिगत भ्रमण कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा व पुलिस अध ीक्षक डॉ० अजय पाल शर्मा द्वारा अलविदा की नमाज के दृष्टिगत संयुक्त रुप से भ्रमणशील रहकर आमजनमानस से वार्ता कर नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से अदा करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने हेतु बताया गया तथा नमाज की ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को सतर्क रहकर नजर रखते हुए ईद उल फितर की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों से शांति और सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई । इसी प्रकार जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व



थाना प्रभारियों द्वारा नमाज के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए ईद उल फितर की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

# अर्थ डे पर बच्चों ने किया पौधारोपण : पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

वाराणसी ब्यूरो : विश्व धरती दिवस की पूर्व संध्या पर शहर बनारस की हवा भी बदल चुकी है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल बनारस पिछले तीन महीने से लगातार ग्रीन जोन में बना हुआ है। देश की राजधानी दिल्ली जहां येलो जोन में शामिल है वहीं देश की सांस्कृतिक राजधानी बनारस




ग्रीन जोन में है। प्रशासन और आम जनता के संयुक्त प्रयास का नतीजा है कि शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार सौ के नीचे है। इसके पहले कोरोना काल में बनारस की हवा सबसे अधिक साफ हुई थी। बच्चों ने किया वृक्षारोपण वाराणसी के महमूरगंज स्थित माई नर्चर प्री स्कूल में अर्थ दिवस मनाया गया। शिक्षकों ने बच्चों को अर्थ दिवस के बारे में बताया और बच्चों से पौधारोपण भी करवाया गया। बच्चे काफी खुश नजर आए। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को बाबतपुर स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षकों ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के बारे में बताया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में पौधों के महत्व की जानकारी दी। कोई आम तो कोई सूर्य और कोई पृथ्वी के आकार की कटिंग पहनकर संरक्षण की अपील कर रहा था। शुक्रवार की शाम को बनारस का एयर क्वालिटी इंडेक्स 60 माइक्रोम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। वहीं अर्दली बाजार का एक्यूआई 38, बीएचयू का 63 और भेलूपुर का 80 दर्ज किया गया। यह आंकड़े बताने के लिए काफी हैं कि अब तक अप्रैल माह में यह सबसे कम है। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी प्रदूषणकारी गैसों में गिरावट आई। कार्बन डाइऑक्साइड जैसे वायु प्रदूषकों में गिरावट हुई है। मीथेन उत्सर्जन में 30 फीसदी की गिरावट आई है। देश के प्रमुख शहरों से तुलना करें तो प्रदेश की राजधानी लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स 177 दर्ज किया गया। देश की राजधानी दिल्ली का एक्यूआई 132, देहरादून का एक्यूआई 118, कानपुर का 112 और पटना का एक्यूआई 214 दर्ज किया गया। बीएचयू के वैज्ञानिक प्रो. बीडी त्रिपाठी का कहना है कि प्रशासन के समग्र प्रयास का नतीजा है कि बनारस की हवा लॉकडाउन के बाद इतनी साफ हुई है। इसकी निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। यह हमारे फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है।

# दुनिया देख रही है भारत की विविधता में एकता की शक्ति

वाराणसी ब्यूरो : स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. सीएसआर मूर्ति ने कहा कि आने वाला समय भारत का है। जी–20 की अध्यक्षता ने भारत को संपूर्ण विश्व में एक नई पहचान दी है। देशभर में होने वाले जी–20 के आयोजन विश्व को भारत की विविधता में एकता के साथ ही सामर्थ्य को भी प्रदर्शित कर रहे हैं। वह बीएचयू के राजनीति विज्ञान विभाग में युवा विद्वानों की दो दिवसीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। प्रो. गुलशन सचदेवा ने कहा कि भारत को जो जी–20 की अध यक्षता मिली है। यह कहीं ना कहीं हमारे लिए खुद को विश्व में स्थापित करने का मौका भी है। गोवा विश्वविद्यालय के प्रो. राहुल त्रिपाठी ने कहा कि हर क्षेत्र में भारत लीडर की तरह उभर रहा है। डॉ. स्वस्ति राव ने पॉलीक्राइसिस के वर्तमान युग की ओर ध्यान आकर्षित किया। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किए। नौ सत्रों में 60 शोध ा छात्रों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दिव्या रानी ने दिया। स्वागत डॉ. शुभा राव ने किया। आयोजन में डॉ. श्रुति दुबे एवं डॉ. बगिशा सुमन ने सहयोग किया।

# गोरखपुर एयरपोर्ट का होगा विस्तार : 100 करोड़ से होगा शिफ्टिंग का काम

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 42.14 एकड़ में एयरपोर्ट का विस्तार होना है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय से मंजूरी मिलने के साथ ही एयरफोर्स ने जमीन भी हैंडओवर कर




दी है। मौके पर जो निर्माण हैं, उन्हें शिफ्ट किया जाना है। इसकी जिम्मेदारी गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) को सौंपी गई है।प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर का कहना है कि शिफ्टिंग वाले निर्माण कार्यों के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेज दी गई है। स्वीकृति मिलते ही टेंडर आदि की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एयरपोर्ट का विस्तार समय से पूरा हो सके इसलिए शिफ्टिंग काम तीव्र गति से कराया जाएगा। प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह ने बताया कि 100 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार की गई है। जो जमीन एयरफोर्स ने एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए दी है, उसमें मौके पर एयरफोर्स के टाइप तीन, चार के आवास, कार्यालय, बैडमिंटन कोर्ट व हैंगर आदि मौजूद है। इनका दूसरी जगह नए सिरे से निर्माण होगा। इसके लिए 13 एकड़ जमीन चिह्नित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सदर लोक सभा क्षेत्र से सांसद रवि किशन की पहल पर जनवरी 2023 में ही रक्षा मंत्रालय ने एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 42.14 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की अनुमति दे दी थी। साथ ही निर्माण कार्यों के लिए 76.66 करोड़ रुपये का फंड भी स्वीकृत कर दिया है। आठ साल में कई गुणा बढ़ी यात्रियों की संख्या करीब आठ साल पहले तक गोरखपुर एयरपोर्ट से केवल दिल्ली के लिए एक उड़ान थी। इससे 60 से 70 यात्री सफर करते थे। वर्तमान में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ और प्रयागराज के लिए 10 उड़ाने हैं। रोजाना 2500 से अधिक यात्री आवागमन कर रहे हैं। एयरपोर्ट का विस्तार होने के बाद चेन्नई, बेंगलुरु, वाराणसी समेत कई और शहरों के लिए उड़ानें शुरू हो सकेंगी। एयरपोर्ट के विस्तार से ये बदलाव आएंगे। कई अन्य शहरों के लिए शुरू हो जाएगी वायु सेवा। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त टर्मिनल होगा। एक हजार यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी। दो की जगह 10 पार्किंग वे की सुविधा मिलेगी। गाड़ियों की पार्किंग एयरपोर्ट परिसर में हो सकेगी।

# अतीक की कब्जाई संपत्ति वापसी के लिए आयोग गठन की तैयारी : पीड़ितों में जागी न्याय की उम्मीद

लखनऊ ब्यूरो : प्रयागराज में बीते चार दशक से माफिया अतीक–अशरफ से पीड़ित लोगों में अब न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। दोनों की मौत के बाद तमाम पीड़ित पुलिस से संपर्क साध रहे हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो प्रदेश सरकार अतीक के कब्जे से लोगों की जमीन और मकान वापस दिलाने के लिए जल्द ही आयोग का गठन कर सकती है। दरअसल, अतीक–अशरफ ने प्रयागराज में बड़ी संख्या में लोगों की जमीनें कब्जा कर लीं या फिर मामूली रकम देकर अपने नाम करा लीं। अब दोनों की मौत के बाद ऐसे तमाम लोग पुलिस के पास चक्कर काट रहे हैं। इस संबंध में शासन स्तर पर हुई बैठक में अधिकारी रूपरेखा तैयार कर रहे हैं, कि किस तरह पीड़ितों को कानूनी तरीके से उनकी संपत्तियों को वापस कराया जा सके। सियासी मकसद पूरा करने को बदल रहा था डेमोग्राफी जांच में पता चला कि चुनाव में हार के बाद अतीक और अशरफ की प्रयागराज की सियासत में पकड़ कमजोर हो रही थी। अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए दोनों ने इलाके की जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) बदलने की साजिश रची। तमाम जमीनों पर कब्जा करके या कम दामों पर खरीदकर उसे मुस्लिमों को बेचने लगे थे। इन जमीनों को बाजार दर से कम दामों पर बेचा जाता था ताकि खरीदार और उसका परिवार उनका वोटर बन जाए। अतीक इसी मकसद से अपनी पत्नी शाइस्ता को राजनीति में लाना चाह रहा था। वहीं शूटर गुलाम को भी चुनाव लड़वाना चाहता था ताकि वह असद को भी राजनीति में लाने में मदद करे। मुंबई में भी संपत्तियां अतीक ने दिल्ली व नोएडा में भी कई बेशकीमती संपत्तियां खरीदी थीं। दिल्ली के राजौरी गार्डन निवासी रोम्पी भाटिया, शाहीनबाग निवासी शफीकुरहमान, नूर नगर में डेयरी मालिक, जाकिरबाग निवासी



अफरोज शारिक, समीर के साथ पार्टनरशिप में उसने दिल्ली और नोएडा में कई बेनामी संपत्तियां खरीदी थीं। इसके अलावा एसटीएफ को मुंबई में भी अतीक की कुछ संपत्तियों का पता चला है। ये संपत्तियां उसने अंतरराष्ट्रीय माफिया डान अबू सलेम की मदद से ली थी। इसके अलावा प्रयागराज में एक होटल में भी उसकी पार्टनरशिप थी। माफिया की अरबों की काली कमाई डूबने की आशंका अतीक अहमद की हत्या के बाद उसका रियल एस्टेट का कारोबार डूब सकता है। महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा से लेकर यूपी तक रियल एस्टेट के क्षेत्र में माफिया का बड़ा साम्राज्य फैले होने की बात कही जा रही है। इसमें माफिया की अरबों की काली कमाई लगी हुई है। अब आशंका है कि अतीक की हत्या और उसके परिवार के बिखराव का फायदा साझीदार रियल एस्टेट कारोबारी उठा सकते हैं। इनमें से अतीक के कुछ बिजनेस पार्टनरों को एसटीएफ और ईडी ने चिह्नित किया है, लेकिन अतीक की हिस्सेदारी का राज खुलने पर संशय के बादल छा गए हैं। अतीक ने अपनी काली कमाई का बड़ा हिस्सा रियल एस्टेट के कारोबार में लगा रखा था। इसमें दो दर्जन से अधिक फर्में उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन, सालों के अलावा करीबियों के नाम से हैं। जबकि, शहर के कई नामचीन बिल्डरों और कारोबारी समूहों के साथ भी इस धंधे में अतीक साझीदार रहा है।

# कोपागंज थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन गेट के पास मिला युवक का शव : मचा हड़कंप : जांच में जुटी पुलिस

मऊ ब्यूरो : कोपागंज थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन गेट के पास एक हाते में शनिवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला। ईद के मौके पर शव मिलने की सूचना से हड़कंप की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर घोसी सीओ खुद घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने देखरेख में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।पुलिस युवक की मौत के पीछे नशे का ओवरडोज होने की आशंका जता रही है। जानकारी के अनुसार कोपागंज थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन गेट के पास एक खाली पड़े प्लाट के हाते से गुजर रहे लोगों ने 28 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ देखा, इसकी सूचना लोगों ने कोपागंज पुलिस को दी। ईद को लेकर मुस्तैद कोपागंज पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और आला अधिकारियों को इसकी सूचना दी। करीब 30 मिनट बाद सीओ घोसी उमाशंकर उत्तम मौके पर फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। यहां युवक के शव के सिर के नीचे गमछा रखा हुआ था, जिसमें खून लगा था। आस पास के लोगों से जानकारी लेने पर मृतक की शिनाख्त घोसी निवासी सूरज के



रूप में हुई। जो कचरा बीनने का काम करता था। पुलिस ने उसके दो दोस्तो को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। सीओ ने बताया कि दोनों युवकों ने बताया कि मृतक और दोनों युवक ने शुक्रवार की देर शाम एक साथ नशा किए थे, इसके बाद वह दोनों वापस अपने घर चले गए। बताया कि प्रथम दृष्टया मौत का कारण नशे के ओवरडोज होना लग रहा है, पीएम रिपोर्ट आने से मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# गंगा पुष्कर कुंभ की शुरूआत : दिखेगी उत्तर और दक्षिण की संस्कृति : क्या है पार्थिव शिवलिंग की मान्यता ?

वाराणसी ब्यूरो : उत्तरवाहिनी गंगा का किनारा फिर से उत्तर और दक्षिण की संस्कृति के मिलन का साक्षी बनेगा। बृहस्पति के राशि परिवर्तन के साथ ही 12 साल बाद गंगा के तट पर गंगा पुष्कर कुंभ शनिवार से आरंभ हो गया है। अस्सी से लेकर राजघाट के बीच सभी 84 घाटों पर दक्षिण भारतीय श्रद्धालु अपने पूर्वजों के निमित्त, पाप से मुक्ति व सौभाग्य की कामना से अनुष्ठान कर रहे हैं। गंगा पुष्कर कुंभ 22 अप्रैल से शुरू होकर तीन मई तक चलेगा। इस दौरान दक्षिण भारतीय समाज के लोग पूजा अर्चना, पूर्वजों का तर्पण, स्मृति लिंग स्थापित करने और पार्थिव शिवलिंग की पूजा के लिए काशी पहुंचने लगे हैं। पिछले तीन दिनों से दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। मेले में अस्सी, केदारघाट, शंकराचार्य घाट, मानसरोवर, चौकी व राजघाट पर सबसे अधिक भीड़ होगी। आयोजन में सबसे अधिक श्रद्धालु आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से पहुंच रहे हैं। आंध्रा आश्रम के ट्रस्टी वीवी सुंदर शास्त्री ने बताया कि गंगा के हर घाट पर श्रद्धालुओं द्वारा पितरों के निमित्त तर्पण व अनुष्ठान होंगे। इस बार गंगा पुष्कर कुंभ गंगा नदी के किनारे लग रहा है। ऐसे में गंगोत्री से गंगा सागर तक जिन–जिन शहरों में गंगा हैं वहां पर श्रद्धालु पहुंचेंगे। प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु काशी भी आएंगे। इसके पूर्व 2011 में गंगा पुष्कर कुंभ हुआ था। इस बार 10 से 12 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ब्रह्म मुहूर्त से आरंभ हुआ गंगा पुष्कर कुंभ गंगा पुष्कर कुंभ का शुभ मुहूर्त 22 अप्रैल को भोर में 5:15 बजे से आरंभ हो गया है। श्रद्धालु गंगा में स्नान करने के बाद तर्पण व पिंडदान कर रहे हैं। इसके बाद काशी विश्वनाथ मंदिर, मां अन्नपूर्णा, कालभैरव, बिंदुमाधव का दर्शन पूजन करके पंरपरा को पूर्ण करेंगे। गंगा पुष्कर में पंचगंगा घाट स्थित बिंदु माधव के



दर्शन पूजन की मान्यता है। यहां पर सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ होगी। घाटों पर बनाए जा रहे पार्थिव शिवलिंग अस्सी से लेकर हनुमान घाट के बीच श्रद्धालुओं के पुरोहित द्वारा जगह–जगह पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक व पूजन आरंभ हो चुका है। दक्षिण भारत के श्रद्धालु अन्नदान भी करेंगे। मान्यता के अनुसार, पुष्कर नाम के एक भक्त ने भगवान शिव से पवित्र नदियों को शुद्ध करने का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने 12 पवित्र नदियों में प्रवेश किया। इन नदियों में गंगा, नर्मदा, सरस्वती, यमुना, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, भीमा, ताप्ती, तुंगभद्रा, सिंधु और प्राणिता शामिल हैं। गुंटूर मठ में है 50 हजार से ज्यादा लोगों के भोजन का इंतजाम क्षेमेश्वर घाट पर स्थित गुंटूर मठ में 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के लिए भोजन का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा आंध्रा आश्रम में भी श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम किए गए हैं। गंगा पुष्कर कुंभ में शामिल होने आ रहे श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन व मंदिर की ओर से खास इंतजाम किए गए हैं। अस्सी घाट से राजघाट तक चेंजिंग रूम लगाए गए हैं। शहर के होटल धर्मशाला की सूची भी सार्वजनिक की गई है जिससे कि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।

# आढ़ती की दुकान में तोड़ फोड़ से नाराज व्यापारियों नें किया मार्ग जाम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र के फतेहगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में पीड़ित आढ़ती व्यापारी ने कोतवाली नगर में दिये गये तहरीर के माध्यम से सेतु निर्माण निगम कर्मियों पर आरोप लगाया कि बिना नोटिस जारी किये उसके दुकान को गिराने लगे।जिसको लेकर शुक्रवार को फतेहगंज चौराहे पर पीड़ित के पक्ष में कई व्यापारियों ने मार्ग जाम कर रोष जताया। मालूम हो कि पीड़ित जगन्नाथ प्रसाद राजेन्द्र कुमार मकान न. 1603 फतेहगंज में गल्ले आढ़ती है।पीड़ित ने तहरीर के माध्यम से बताया कि यह फर्म लगभग 41 वर्षों से उक्त भवन में संचालित है।गुरुवार को को दुकान साप्ताहिक बंदी के कारण बंद थी।इसी बीच लगभग समय 3 बजे दोपहर सेतु निगम अवर अभियंता विनोद सिंह के साथ सेतु निगम के कर्मचारी एवं अधिकारी अनूप त्रिपाठी, शरद यादव, अमित शुक्ला जे0सी0बी मशीन सहित प्रार्थी के प्रतिष्ठान पर आये और बगैर की नोटिस सूचना के बंदी के दिन मौके का फायदा उठाकर प्रतिष्ठान को अमित शुक्ला अपने व उक्त लोगों के मौजूदगी के पूर्व नियोजित प्लान के तहत गिराने लगे।इसकी सूचना मिलते ही पीड़ित जब मौके पर पहुँचा तो देखा कि जेसीबी चालक के साथ अमित शुक्ला जेसीबी पर बैठकर प्रतिष्ठान का निर्माण गिरा रहे है।पीड़ित के रोकने व विरोध पर अभद्रतापूर्ण व्यवहार कर मुकदमा दर्ज कराके बंद करा देने का भय दिखाया।अंत में उसका मानक के अनुसार निर्माण का हवाला देते हुए उसे तोड़ दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उन लोगों ने अपने सरकारी कर्तव्यों का निर्वाहन न करते हुए अवैधानिक ढंग से प्रार्थी के प्रतिष्ठान/दुकान में मौजूद गद्दी पर रखा गल्ला जिसमें प्रार्थी का 18 हजार रुपये व अन्य कागजात मौजूद थे।सभी तोड़–फोड़कर पैसा जबरदस्ती छिन ले गए।पीड़ित के साथ घटित इस घटना से तमाम आसपास के लोग आ गए। परंतु इतना आतंक का मौहाल बना दिया कि कोई बोल न सका। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त कर्मी अमित शुक्ला से मिलकर एक सुनियोजित साजिश के तहत अंदर का दरवाजा चौखट तोड़ दिया है। जिससे उसकी दुकान / प्रतिष्ठान पूरी तरह – असुरक्षित हो गई हैं।कभी भी लाखों का नुकसान हो सकता है।सेतु निगम की कृत्य अपराध की परिधि में इनके विरूद्ध लूट–पाट व गाली–गलौज एवं धमकाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग पीड़ित ने किया। घटना को लेकर शुक्रवार की सुबह फतेहगंज चौराहे पर दर्जनों व्यापारियों ने पीड़ित के पक्ष में मार्ग जाम कर विरोध जताया इसकी सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी कुमार पांडे चौकी फतेहगंज प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे वहीं नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता भी मार्ग जाम कर रहे व्यापारियों को समझाते हुए नजर आए।अंत में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के समझाने बुझाने पर व्यापारियों मार्ग जाम समाप्त किया।

# 50 शैय्या चिकित्सालय देवगाँव मिल्कीपुर में शुरु हुई स्वास्थ्य सेवाएं : सीएमओ ने किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के देवगांव में स्थपित और नवनिर्मित 50 शैय्या चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाएं आरम्भ शुरु हो गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने चिकित्सालय का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन का जायजा लिया। भ्रमण में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और क्षेत्र की जनता को उपलब्ध और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि इस चिकित्सालय में कुल 5 चिकित्सक,2 फार्मासिस्ट,6 स्टॉफ नर्स,1 एलटी सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की तैनाती की गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि चिकित्सालय में नियमित ओपीडी सेवा , लैब सेवा के साथ साथ इमरजेंसी सेवाएं भी आरम्भ कर दी गई हैं साथ ही चिकित्सालय में दिन



रात प्रतिदिन प्रसव सेवाएं प्रदान किए जाने हेतु चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया।चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि यह चिकित्सालय जनपद के दुरस्थ क्षेत्र में स्थापित है।

# तमंचा सहित आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र के देवकाली पुलिस ने तमंचा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्विनी कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम में शामिल सुनील कुमार प्रभारी चौकी देवकाली सुनील कुमार ने कांस्टेबल आशीष व राजकुमार यादव की सहायता से शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर विशाल यादव की दुकान के दाहिनी तरफ बगिया में देशी तमंचा के साथ आरोपी रिशू यादव पुत्र सुग्गन यादव निवासी हौसिला नगर थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया।

# नि:शुल्क शिविर का आयोजन सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शुक्रवार को साकेत पुरी कॉलोनी लाइफ लाइन हॉस्पिटल के सामने स्थित ऐम डायग्नोस्टिक सेंटर की ओर से दर्शन नगर स्थित यस पैका लिमिटेड के परिसर में नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आधुनिक मशीनों से यश पैका लिमिटेड में कार्य करने वाले मजदूर और उनके परिवार वालों की जांच की गई। ऐम डायग्नोस्टिक के अभ्युदय सिंह ने बताया कि आज हमारे डायग्नोस्टिक की ओर से निशुल्क कैंप लगाया गया जिसमें यश पैका लिमिटेड के मजदूर और उनके परिवार वालों की नि:शुल्क जांच की गई। और निशुल्क दवा दी गई है। प्रमुख जांचों में बीपी की जांच कर लोगो को परामर्श दिया गया। मरीजों का चेकअप करना एमडी मेडिसिन डॉक्टर सौरभ जायसवाल ने बताया कि कैंप के माध्यम से आए हुए लोगों की ईसीजी शुगर और बीपी की जांच की जा रही है हमारा उद्देश्य की छोटी–छोटी बीमारियों बारे में लोगों को पता चले और वह उसका समय से इलाज करा सकें। बहुत जल्दी आधुनिक मशीनों से लैस ऐम डायग्नोस्टिक सेंटर की ब्रांच अयोध्या में खुलने जा रही है।

## रामानंद सागर के रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल पहुंचे रामलला के दरबार

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।रामानंद सागर के रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल आज सुबह ,रामलला के दरबार पहुंचे, राम के पात्र का अभिनय करने वाले अरुण गोविल रामलला के सम्मुख नतमस्तक हुए, अयोध्या में बन रहे बहुप्रतीक्षित भव्य और दिव्य रामलला के निर्माणाधीन भवन की प्रगति को भी देखा अपने आराध्य का दर्शन करने के बाद करीब 9:00 बजे रामजन्मभूमि गेट नंबर 3 पर अरुण गोविंल पत्रकारों से भी रूबरू हुए उन्होंने बताया कि अयोध्या आकर रामलला का दर्शन करना उनकी बहुत पुरानी इच्छा थी, जिस स्थान से हम जुड़े हैं हमारी संस्कृति जुडी है हमारा देश जुड़ा है, यह अलग बात है कि आज उन्हें रामलला का दर्शन प्राप्त हुआ, आज बहुत अच्छा लगा कि रामजी ने मेरी इच्छा पूरी कर दी, उन्होंने बताया कि रामायण का एक एक प्रसंग एक एक चौपाई एक एक दोहा हमें प्रेरित करता है कुछ ज्ञान देता। राम मंदिर निर्माण को लेकर अरुण गोविल जी ने कहा की मंदिर निर्माण में बहुत से लोगों का बलिदान है 500 वर्षों का जद्दोजहद है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर उन्होंने कहा कि जिस तरह से मोदी जी ने राम मंदिर निर्माण कार्य को हाथ मे लिया है ,जिस तरह मंदिर निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई मेरे पास उनके बारे में कहने के लिए शब्द नहीं है वह बधाई के पात्र हैं।

# सौर ऊर्जा से जगमगाएगी काशी : निकाय चुनाव के बाद शुरू होगा काम : बोट और ई रिक्शा सब सोलर से चलेंगे

वाराणसी ब्यूरो : दुनिया की सबसे प्राचीन नगरी काशी आने वाले दिनों में सौर ऊर्जा से जगमगाएगी। गंगा घाट से लेकर शहर के चौराहों और गलियों को सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था से लैस किया जाएगा। इसके साथ ही गंगा में सोलर बोट और सड़कों पर सौर ऊर्जा आधारित ई रिक्शा के भी संचालन की तैयारी है। गैर परंपरागत ऊर्जा विकास एजेंसी (नेडा) ने वाराणसी नगर निगम से सोलर सिटी के लिए प्रस्ताव मांगा है। नगर निगम की कार्ययोजना के अनुसार शासन नेडा को बजट मुहैया कराएगा। उम्मीद है कि निकाय चुनाव के बाद इस योजना पर काम शुरू हो। रामलला की जन्मभूमि अयोध्या के साथ ही महादेव की नगरी काशी को सोलर सिटी के रूप के विकसित किया जाएगा। शहर की गलियां, सड़कें, चौराहे और प्रमुख प्रतिष्ठान आदि सोलर लाइट से रोशन होंगे। बिजली खपत कम करने की यह योजना सफल हुई तो अपना बनारस देश में नजीर पेश करेगा। पहले चरण में यूपी नेडा ने शहर की बिजली खपत के 10 फीसदी भाग को सौर ऊर्जा आधारित करेगा। इसके बाद अगले तीन चरणों में इसे 50 फीसदी तक पहुंचाया जाएगा। रविदास घाट से नमो घाट तक सोलर बोट केरल की तर्ज पर वाराणसी में जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए सितंबर महीने से सोलर बोट का संचालन शुरू किया जाएगा। रविदास घाट से नमो घाट तक चलने वाली सोलर बोट का पड़ाव काशी विश्वनाथ धाम घाट होगा। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत संचालित होने वाली इस सेवा में सैलानियों को अलग अनुभव होगा। ऐसे ही शहर में ई रिक्शा को भी सोलर आधारित बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 के तहत होगा काम योजना के तहत बनारस को सोलर सिटी के तौर पर विकसित किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने गैर ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया है। साथ ही पांच वर्षों में 22 हजार मेगावाट उत्पादन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य है। चार चरणों में पूरी होगी योजना सोलर सिटी के रूप काशी को विकसित करने के लिए चार चरणों में योजना बनाई गई है। पायलट प्रोजेक्ट के



रूप में भेलूपुर में 250 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को सोलर से संचालित किया जा रहा है। यहां 17.24 करोड़ रुपये से तैयार दो मेगावाट के सोलर पावर प्लांट से जलकल विभाग प्रतिमाह 90 लाख रुपये की बचत कर रहा है। पहले इस प्लांट के संचालन में प्रतिमाह औसतन 90 लाख रुपये का बिजली बिल जमा कराया जाता था। ये होंगे फायदे सड़कों से हट जाएंगे बिजली के खंबे तारों के जंजाल से निजात मिलेगी प्रदूषण में कमी आएगी सोलर पार्क स्थापित करने में अनुदान मिलेगा निगम को बिजली के बिल से छुटकारा मिलेगा शहर में ये होंगे काम स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी सोलर हेरिटेज सोलर पार्क बनाए जाएंगे शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर कियोस्क लगेंगे ई रिक्शा चार्जिंग स्टेशन बनेगा सरकारी, अर्ध सरकारी व निजी भवनों पर सोलन पैनल लगेंगे वेंडिंग जोन सोलर युक्त होंगे नगर निगम को पत्र लिखकर योजना के तहत कराए जाने वाले कार्यों का प्रस्ताव मांगा है। प्रस्ताव को शासन से मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। शासन से बजट यूपी नेडा को मिलेगा। निकाय चुनाव बीतते ही काम शुरू होगा। – प्रेम प्रकाश सिंह, परियोजना अधिकारी नेडा, वाराणसी सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम की बिजली आधारित व्यवस्था को सोलर पर शिफ्ट करने की योजना है। इसमें सरकारी भवनों को शामिल किया गया है। सितंबर से सोलर बोट का भी संचालन शुरू करा दिया जाएगा।– कौशल राज शर्मा, मंडलायुक्त

# बस–ट्रक की भीषण टक्कर में चार की मौत और कई बुरी तरह जख्मी : खत्म हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या कोतवाली अंतर्गत गोरखपुर–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बूथ नंबर चार के पास स्थित रघुकुल रेस्टोरेंट के निकट शुक्रवार रात करीब आठ बजे पीओपी लदा ट्राला यात्रियों से भरी निजी बस को टक्कर मारते हुए बस के ऊपर पलट गया। हादसे में दर्जनों यात्री बस में फंस गए। पुलिस ने रेस्क्यू कर लोगों को बाहर निकाला व अस्पताल पहुंचाया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 17 यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बस में करीब 45 यात्री सवार थे। वहीं घटना के बाद हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। अयोध्या के डीएम नितीश कुमार ने देर रात बताया कि 12 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। हादसे में कुछ जानें गई हैं। रेस्क्यू का काम खत्म हो गया है। लखनऊ से अंबेडकरनगर शुक्रवार रात करीब आठ बजे जा रही एक निजी बस (यूपी–42 बीपी 8558) रघुकुल रेस्टोरेंट के पास मोड़ पर मुड़ रही थी। इस दौरान पीछे से आ रहे पीओपी लदे भारी भरकम ट्राले ने बस में सीधे टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस पलटने ही वाली थी कि पीछे से आ रहे एक ट्रक के चालक सरदार जी ने सजगता दिखाते हुए अपने वाहन से बस को सहारा देखकर पलटने से बचाया, लेकिन पीओपी लदा ट्राला बस के ऊपर ही पलट गया। इससे मौके पर चीख–पुकार मच गई। आसपास के लोग व बूथ नंबर चार पर तैनात पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन भारी भरकम ट्रक के नीचे दबे बस में फंसे लोगों को निकालने में नाकामयाब रहे। सूचना मिलने पर आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, एसएसपी मुनिराज जी, एसपी सिटी मधुबन सिंह, सीओ अयोध्या एसपी गौतम समेत अन्य अधिकारी एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का दृश्य देखकर तत्काल मौके पर पांच क्रेन व दर्जन भर एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया। क्रेन की सहायता से ट्राले को हटाने के बाद बस में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। दर्शननगर मेडिकल कालेज में तीन व जिला अस्पताल में एक यात्री ने दम तोड़ दिया। जबकि मेडिकल कालेज में 13 व जिला अस्पताल में चार यात्रियों का इलाज चल रहा था। सीएमओ डॉ अजय राजा ने बताया कि मेडिकल कालेज में तीन व जिला अस्पताल में एक यात्री की मौत हुई। दोनों जगहों पर 17 घायलों का इलाज चल रहा है। मेडिकल कॉलेज में तीन व जिला अस्पताल में एक की मौत, हादसे के बाद कुछ लोगों को जिला अस्पताल तो कुछ लोगों दर्शननगर स्थित मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां चार लोगों की मौत हो गई। इसमें अजय गौड़ निवासी मंझवा घाट गोसाईगंज अयोध्या, तहजीब अख्तर टांडा अंबेडकरनगर व तौसीफ अहमद निवासी दोहरा अंबेडकरनगर के रूप में हुई, जबकि जिला अस्पताल में मृत हुए व्यक्ति की पहचान मो. असीम बेग निवासी इब्राहीमपुर जिला अंबेडकरनगर के रूप में हुई। घायलों



में 13 का इलाज मेडिकल कॉलेज व चार का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। ये हुए घायल घायलों में रीतेश वर्मा निवासी मया बाजार अयोध्या, मो. जैयस निवासी दिलासीगंज अयोध्या, संदीप सिंह निवासी सरायरासी अयोध्या, अजय यादव निवासी मुबारकपुर अंबेडकरनगर, इंदसेन यादव निवासी अंबेडकरनगर, राहुल मिश्रा अयोध्या, जुनैद खान मिर्जापुर अंबेडकरनगर, खर्शीद जहां हजरतगंज लखनऊ, मो. कय्यूम हजरतगंज लखनऊ, नायबा कय्यूम, हजमत कय्यूम व रहमत कय्यूम सभी हजरतगंज लखनऊ निवासी, कलीम उल्ला टांडा, गौरव पांडेय निवासी इब्राहिमपुर अंबेडकरनगर, पंकज यादव महाराजगंज अयोध्या, विजयलक्ष्मी तिवारी निवासी हंसवर अंबेडकरनगर समेत अन्य शामिल हैं। हादसे के बाद हाईवे पर लगा लंबा जाम घटना के हाईवे के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। बस से घायलों को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने क्रेन के माध्यम से बस व ट्रक को हटाना शुरू किया। देर रात तक जाम खुलवाने के लिए अधिकार मशक्कत करते रहे। सड़क पर पड़े पीओपी को हटाने में रेस्क्यू कर रही एसडीआरएफ व पुलिस की टीम को काफी दिक्कतें आई। सीओ अयोध्या एसपी गौतम ने बताया कि जाम देखकर गोंडा के रास्ते बड़े वाहनों को डायवर्ट किया गया। बस में फंसे यात्री दिख रहे थे, लेकिन हम कुछ न कर सके घटना के प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय निवासी रोहित ने बताया कि लखनऊ की ओर से आ रही निजी बस मुड़ ही रही थी कि गोरखपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक उसमें सीधे घुस गई। बताया कि हादसे में हादसे में पीओपी भरा ट्राला ट्रक के ऊपर चढ़ गया, बताया कि इस दौरान पीछे आ रही एक अन्य ट्रक चालक ने हादसा देख बुद्धिमानी दिखाते हुए बस को सहारा देते पूरी तरह से पलटने से रोक दिया। इसके बावजूद पीओपी लदा ट्रक उसके ऊपर चढ़ ही गया। बताया कि हादसे के बाद बस में सवार लोग चीखने चिल्लाने लगे। इस दौरान कुछ यात्री अपने आप ही बस से निकलकर दूर जा खड़े हुए। कहा कि हमारे सामने बस में यात्री फंसे दिख रहे थे लेकिन हम कुछ न कर सके सके। वहीं, घटना के बाद मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए और पुलिस के साथ बचाव कार्य किया। दूसरी ओर हादसे में बाल–बाल बचे यात्रियों ने बताया कि बस में करीब 45 यात्री सवार थे, जिसमें 30 बैठे थे, जबकि अन्य खड़े थे। अधिकतर यात्री अंबेडकरनगर जनपद के थे।

# लोहे की राड से पीट कर शिक्षक की हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। पुलिस ने लोहे की राड से पीट कर शिक्षक की हत्या करने में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 10 अप्रैल की थी। जब विद्यालय से लौट रहे शिक्षक को कुछ लोगो ने हमला करके घायल कर दिया था। जिनकी




इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। मामलें में पुलिस ने क कई धारा एक्ट के तहत् मुकदमा पंजीकृत था। जिसमें बाद में हत्या की धारा बढ़ाई गयी थी। मामले में आरोप स्थानीय प्रधान व उनके समर्थकों पर लगा था। मामले में यह समाने आया था कि शिक्षक दुष्यंत कुमार ने प्रधान संतोष सिंह के खिलाफ एएनएम सेंटर के अवैध निर्माण की शिकायत की थी। जिसके बाद उनके उपर हमला किया गया। मामलें पुलिस ने वांछित अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र चन्द्र प्रताप सिंह नि0 देवरादाऊदपुर थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या को देवगढ़ पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से आला कत्ल लोहे की राड को पुलिस ने बरामद कर लिया।

## आठ व्याकितयों के विरुद्ध दलित ऐक्ट मारपीट का का मुकदमा पंजीकृत

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। खंडासा थाना क्षेत्र के गद्दोपुर व ढ़ोली आसकरन गांव निवासी दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में 8 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। खण्डासा पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ढ़ोली आसकरन गांव निवासी एक पक्ष के परशुराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 18 अप्रैल को सुबह उनका बेटा गोविंद घर के पीछे भूसा रख रहा था तभी अचानक गद्दौपुर निवासी आलोक कुमार सिंह, विवेक सिंह, शैलेन्द्र सिंह, उपेन्द्र सिंह पहुंचे और जातिसूचक गालियां देते हुए लात घूंसो से उसे मारने लगे। गुहार लगाने पर उनकी पत्नी पहुंची तो उन्हें भी लाठी डंडे से मारा पीटा। दूसरे पक्ष के भूपेंद्र सिंह द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि प्रार्थी की बाग में ढ़ोली आसकरन पूरे बेसिया निवासी विपक्षी जगराम दरवाजा खोल कर नई छत ढ़ाल रहे थे तथा परशुराम, नान्हू व गोविंद बाग में भूसा, ईंट रखकर व जानवरों को बांधकर अवैध कब्जा कर रहे थे। मना करने पर विपक्षी लात घूंसा व लाठी–डंडों से मारने लगे गुहार लगाने पर आसपास के लोग दौड़े तो जान से मार देने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने मुकदमा पंजीकृत किए जाने की पुष्टि की है।

# अयोध्या में ईद उल फितर की नमाज सकुशल संपन्न

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। जनपद में सकुशल संपन्न हुई ईद की नमाज, शहर के सिविल लाइन ईदगाह में पढ़ी गई। ईद की नमाज, नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर लोगों ने दी ईद की बधाई, अयोध्या के जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने भी सभी को ईद उल फितर की पर्व की बधाई दी व शुभकामनाएं दिया और कहा कि सकुशल ईद उल फितर का त्योहार संपन्न हुआ और पूरे जिले व प्रदेश में खुशी का माहौल है क्योंकि ईद का पर्व मुस्लिम समाज के लिए एक बहुत बड़ा पर है। वही मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर नजमुल हसन गनी ने भी सभी को ईद उल फितर की बधाई देते हुए देश के अमन और चौन व खुशहाली के लिए दुआ किया। वही समाजवादी पार्टी के मेयर प्रत्याशी आशीष पांडे दीपू व पूर्व राज्यमंत्री पवन पांडे ईदगाह पहुंचकर नमाजियों को दी ईद की बधाई, गले मिलकर दी ईद की बधाई,ईदगाह स्थल पर नगर निगम ने की थी व्यवस्था, डीएम नीतीश



कुमार अपने टीम के साथ रहे मौजूद, तो वही आईजी जोन प्रवीण कुमार और डीआईजी/एसएसपी मुनिराज जी,एसपी सिटी मधुबन सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम। सकुशल संपन्न हुई ईद की नमाज इस पर मुस्लिम समाज के लोगो ने प्रशासन को ईद की बधाई देते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम की तारीफ किया।

# भाजपा नेता की पत्नी ने खाया विषाक्त : इलाज के दौरान मौत

मिर्जापुर ब्यूरो : मिर्जापुर में शेरवां स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी सुषमा देवी (45) पत्नी अरूण कुमार उर्फ दीपू बाबा की विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से शुक्रवार की देर रात वाराणसी स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार की शाम पारिवारिक कलह से आजिज आकर महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। महिला के मुंह से झाग निकलता देख परिजन इलाज के लिए वाराणसी स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराये। जहां उनकी देर रात को इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के दो पुत्र अभिषेक एवं अविनाश है। अभिषेक बीटेक कर दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। अविनाश घर




पर रहकर खेती किसानी करता है। पति अरूण कुमार उर्फ दिपू बाबा भाजपा पिछडा मोर्चा मंडल अदलहाट के नेता एवं किसान है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक किसी ने तहरीर नही दी है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगा।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002
RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।